**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0** : 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (अररिया)–16 / 2025 2211........**पटना, दिनांक** 23/05/2025

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया के पत्रांक 47 (I) दिनांक 22.04.2025 द्वारा श्री प्रियबंधु विवेकानंद, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (ASO00018) के विरुद्ध विशेष सर्वेक्षण अमीनों द्वारा समर्पित परिवाद जिसमें **"वेतन से प्रत्येक महीना 7000 / – रुपया वसूली करने, मानसिक प्रताड़ना करने, महिला कर्मी पर कुदृष्टि रखने आदि"** प्रतिवेदित गंभीर आरोपों के संदर्भ में जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1946 दिनांक 30.04.2025 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी के माध्यम से परिवादियों को दिनांक 08.05.2025 एवं पत्रांक 1945 दिनांक 30.04.2025 द्वारा श्री विवेकानंद को (लिखित स्पष्टीकरण के साथ) दिनांक 09.05.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होने हेतु निदेशित किया गया है।

उभय पक्षों को सुना गया। प्राप्त परिवाद, जाँच प्रतिवेदन एवं उभय पक्षों द्वारा समर्पित साक्ष्य अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि आरोपी द्वारा विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के मानदेय से अवैध वसूली की गयी है। आरोपी का यह कृत्य भ्रष्टाचार में संलिप्तता को प्रदर्शित करता है। ऐसे भ्रष्ट कर्मी को विशेष सर्वेक्षण जैसे आमजनों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में बनाये रखने से अन्य कर्मियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

अतः "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री विवेकानन्द (ASO00018), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Sd/- 23/5/25
**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (अररिया)–16 / 2025 2211........**पटना, दिनांक** 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : श्री प्रियबंधु विवेकानंद, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (ASO00018), बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 23/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (अररिया)–16 / 2025 2211........**पटना, दिनांक** 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 23/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (अररिया)–16 / 2025 2211........**पटना, दिनांक** 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 23/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप